अनुक्रमांक ...................................... समय : 2.00 घण्टा

नाम .............................................. पूर्णांक : 50

# प्रश्न-पुस्तिका
# तृतीय सेमेस्टर – 2017
## (शैक्षिक मूल्यांकन, क्रियात्मक शोध एवं नवाचार)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** बालक एक ऐसी पुस्तक है, जिसका अध्ययन अध्यापक शिक्षक कक्ष में करता है, यह कथन है— **(1)**

(A) प्लेटो (B) अरस्तु

(C) रॉस (D) बघ

**2.** व्यापक मूल्यांकन द्वारा मूल्यांकन किया जाता है— **(1)**

(A) व्यक्ति के सभी पक्षों का (B) केवल बुद्धि का

(C) ज्ञान-शिक्षण का (D) केवल रचनाओं का

**3.** मूल्यांकन का संज्ञानात्मक पक्ष सम्बन्धित है— **(1)**

(A) ज्ञान से (B) बोध से

(C) अनुप्रयोग से (D) उपयुक्त सभी से

**4.** सतत मूल्यांकन कहलाता है— **(1)**

(A) सत्र के अन्त में किये जाने वाला मूल्यांकन (B) सत्र के मध्य में किये जाने वाला मूल्यांकन

(C) नित्य-प्रति किये जाने वाला मूल्यांकन (D) उपयुक्त सभी

**5.** यह कथन कि, "मूल्यांकन वह प्रक्रिया है, जिसके द्वारा शिक्षक एवं छात्र यह निर्णय करते हैं कि शिक्षण-लक्ष्यों को प्राप्त किया जा रहा है या नहीं।" किसका है— **(1)**

(A) क्रॉनबैक का (B) ली का

(C) क्रो का (D) विवलिन तथा हन्ना का

**6.** विज्ञान, भूगोल तथा कृषि विषय होते हैं— **(1)**

(A) केवल सैद्धान्तिक मूल्यांकन वाले (B) सैद्धान्तिक तथा प्रयोगात्मक मूल्यांकन वाले

(C) केवल मौखिक मूल्यांकन वाले (D) उपयुक्त में से कोई नहीं

**7.** उत्तम परीक्षण की विशेषता है— **(1)**

(A) वैधता (B) विश्वसनीयता

(C) वस्तुनिष्ठता (D) उपयुक्त सभी

**8.** रचनात्मक मूल्यांकन में किया जाता है— **(1)**

(A) बच्चों के प्रारम्भिक ज्ञान का मूल्यांकन (B) बच्चों के अन्तिम ज्ञान का मूल्यांकन

(C) बच्चों के मध्यस्थ ज्ञान का मूल्यांकन (D) बच्चों के समग्र ज्ञान का मूल्यांकन

**9.** भावात्मक पक्ष कहलाता है— **(1)**

(A) बच्चों की रुचियों से सम्बन्धित मूल्यांकन का पक्ष (B) बच्चों के संवेगों से सम्बन्धित मूल्यांकन का पक्ष

(C) बच्चों की मनोवृत्तियों से सम्बन्धित मूल्यांकन का पक्ष (D) उपयुक्त सभी

**10.** "ब्लू प्रिन्ट" का सम्बन्ध है— **(1)**

(A) उपचारात्मक शिक्षण से
(B) नवाचार से
(C) प्रश्नपत्र निर्माण से
(D) क्रियात्मक शोध से

**11.** उपचारात्मक शिक्षण सम्बन्धित है— **(1)**

(A) बच्चों की गणित विषय के शिक्षण से
(B) बच्चों में पढ़न क्षमता विकास से
(C) बच्चों की त्रुटियों को दूर करने से
(D) बच्चों को अंग्रेजी के शिक्षण से

**12.** रॉस का कथन है— **(1)**

(A) "बचाव निदान का निम्नतम स्तर है"
(B) "बचाव निदान का उच्चतम स्तर है"
(C) "बचाव निदान का मध्यम स्तर है"
(D) उपयुक्त में से कोई नहीं

**13.** स्टीफन एम. कोने ने शैक्षिक क्षेत्र में किस प्रकार के अनुसंधान का प्रयोग किया था— **(1)**

(A) क्रियात्मक शोध
(B) मौलिक शोध
(C) ऐतिहासिक शोध
(D) वैज्ञानिक शोध

**14.** क्रियात्मक शोध करने का अधिकार है— **(1)**

(A) केवल शिक्षकों को
(B) शिक्षकों एवं प्रधान अध्यापकों को
(C) शिक्षकों, प्रधानाध्यापकों व छात्रों को
(D) शिक्षकों, प्रधानाध्यापकों, छात्रों तथा ए.बी.एस.ए. सभी को

**15.** क्रियात्मक शोध में प्राथमिकता होती है— **(1)**

(A) उत्पादक
(B) उपभोक्ता
(C) उत्पादक एवं उपभोक्ता दोनों
(D) न तो उत्पादक और न ही उपभोक्ता

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**16.** नवाचार से आप क्या समझते हैं? **(1)**

**17.** क्रियात्मक शोध के दो प्रमुख उपकरण बताइए। **(1)**

**18.** क्रियात्मक शोध को स्पष्ट कीजिए। **(1)**

**19.** अच्छे प्रश्नों की विशेषताएँ बताइए। **(1)**

**20.** कक्षा में बच्चों से प्रश्न क्यों किए जाते हैं? **(1)**

**21.** परिकल्पना से आपका क्या अभिप्राय है? **(1)**

**22.** मूल्यांकन के प्रमुख प्रकार बताइए। **(1)**

**23.** व्यापक मूल्यांकन की आवश्यकता बताइए। **(1)**

**24.** मूल्यांकन के प्रमुख पक्षों का उल्लेख कीजिए। **(1)**

**25.** प्रश्न के पाँच प्रमुख प्रकार बताइए। **(1)**

**26.** परीक्षण में वैधता से क्या अभिप्राय है? **(1)**

**27.** क्रियात्मक शोध की क्या आवश्यकता है? **(1)**

**28.** मूल्यांकन से आपका क्या अभिप्राय है? **(1)**

**29.** शैक्षिक मापन किसे कहते हैं? **(1)**

**30.** परीक्षण का अर्थ बताइए। **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**31.** मूल्यांकन, माप एवं निर्णय के आपस में सम्बन्ध को स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**32.** मूल्यांकन के विभिन्न पक्ष कौन-कौन से हैं? एक शिक्षक को मूल्यांकन के विभिन्न पक्षों का ज्ञान होने से क्या लाभ है? **(2)**

**33.** निबन्धात्मक तथा वस्तुनिष्ठ परीक्षण के अन्तर को स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**34.** अच्छे प्रश्नों की विशेषताएँ क्या हैं? प्रश्न पूछने समय क्या-क्या सावधानियाँ रखनी चाहिए? **(2)**

**35.** क्रियात्मक शोध के महत्व पर प्रकाश डालिए। **(2)**

**36.** क्रियात्मक शोध के विभिन्न चरण लिखिए। **(2)**

**37.** क्रियात्मक शोध में प्रयुक्त होने वाले उपकरणों की व्याख्या कीजिए। **(2)**

**38.** नवाचारों की शिक्षा के क्षेत्र में आवश्यकता एवं महत्व बताइए। **(2)**

**39.** नवाचार के विभिन्न क्षेत्रों का वर्णन कीजिए। **(2)**

**40.** अवलोकन से आप क्या समझते हैं? उद्देश्य स्पष्ट कीजिए। **(2)**

---

**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-3/shaikshik-mulyankan-kriyatmak-shodh-evam-navachar/2017

2. शैक्षिक मूल्यांकन, क्रियात्मक शोध एवं नवाचार का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-3/shaikshik-mulyankan-kriyatmak-shodh-evam-navachar/

3. शैक्षिक मूल्यांकन, क्रियात्मक शोध एवं नवाचार के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-3/shaikshik-mulyankan-kriyatmak-shodh-evam-navachar/

---

**हमसे जुड़ें**
Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN